# कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं, अतिक्रमण

संवाददाता, पटना

**वार्ड** में कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं होने से उसकी जमीन पर अतिक्रमण हो रहा है. लोगों ने अवैध रूप से घर बना रखा है. आसपास रास्ता नहीं होने से लोगों को परेशानी है. पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने से जल जमाव की समस्या रहती है. सरिस्ताबाद चौराहे से अलकापुरी तक रोड व नाला का निर्माण हो रहा है. 70 फुट कॉलोनी में 22 रोड का निर्माण कर उसे दुरुस्त किया गया.

**पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था** : अलग-अलग जगहों पर 15 समरसेबल से पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था की गयी. ढकनपुरा, चकबिंदा, अलकापुरी, सरिस्ताबाद इलाके में पेयजल पाइप बिछाने का काम हो रहा है. हाइ यील्ड बोरिंग से पाइप को कनेक्शन देने का काम बाकी है. 10 दिनों में पूरा हो जायेगा. निवर्तमान पार्षद की अनुशंसा पर सामुदायिक भवन निर्माण के लिए टेंडर जारी हुआ है. वार्ड में 14 करोड़ से विभिन्न योजनाओं का काम हुआ है.

**वार्ड 14**

16.5 वोटर हैं वार्ड में . पिछले चुनाव में श्वेता राय ने पूनम रानी को लगभग 1600 वोट से हराया था. चुनाव में सात उम्मीदवार खड़े थे. इस बार अभी तक चार उम्मीदवार का प्रचार-प्रसार जोर-शोर से चल रहा है.



नया बोरिंग से कनेक्शन नहीं होने से पानी आपूर्ति में दिक्कत है. पेयजल पाइप बिछाने का काम हुआ है. कहीं-कहीं काम चल रहा है.
**संजू देवी**



कब्रिस्तान के पास रास्ता नहीं होने से लोगों को दिक्कत है. पानी निकासी नहीं होने से जलजमाव की समस्या रहती है.
**धर्मवीर कुमार**



वार्ड 14 की एक सड़क का कुछ ऐसा है हाल.



निवर्तमान पार्षद के प्रयास के बाद सामुदायिक भवन बनाने का निर्णय लिया गया है. इसके लिए टेंडर जारी हो चुका है.
**इंद्रजीत कुमार**



नाला का निर्माण ठीक नहीं होने से जलजमाव रहता है. नियमित सफाई नहीं होने से सड़क पर गंदगी रहती है.
**रवींद्र कुमार**

### काम बाकी

- सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए टेंडर जारी.
- ढकनपुरा, चकबिंदा, अलकापुरी, सरिस्ताबाद में पाइप बिछाने का काम बाकी
- कब्रिस्तान के पास रास्ता नहीं होने से दिक्कत.
- जलनिकासी के लिए नाला निर्माण की जरूरत.

### ये काम हुए

- सरिस्ताबाद चौराहे से अलकापुरी तक रोड व नाला निर्माण.
- 15 सबमर्सिबल पंप से पानी की व्यवस्था
- पेयजल पाइप बिछाने का काम जारी.
- नयी हाइ यील्ड बोरिंग होने से पानी आपूर्ति की सुविधा.

# नाले का निर्माण नहीं होने से जलजमाव

संवाददाता, पटना सिटी

**वार्ड** 68 में आदर्श कॉलोनी के लोगों को जलजमाव झेलना पड़ता है. खेती की जमीन पर भी शहर का दूषित पानी छह माह तक जमा रहता है. समस्या की वजह है नाला का निर्माण नहीं होना. निर्वतमान पार्षद सुनीता देवी और प्रतिनिधि मनोज कुमार का कहना है कि 1.65 करोड़ रुपये से नखासपिंड बगीचा से चैनपुरा मदार तक नाला निर्माण के लिए टेंडर हो गया है. राशि आवंटित नहीं होने से काम नहीं हो सका. इसी प्रकार शनिचरा मंदिर धवलपुरा से लेकर करमलीचक एनएच तक 8.4 करोड़ रुपये से नाले का निर्माण होना था, लेकिन अब तक काम नहीं होने से जलजमाव होता है.

दो नवनिर्मित बोरिंग पंप में एक धवलपुरा बोरिंग संघर्ष के बाद चालू हुआ. अब नखास पिंड के बोरिंग पंप के चालू का इंतजार है. यहां पर बिजली ट्रांसफॉर्मर लगाने के बाद बोरिंग पंप चालू हो जायेगा. नमामि गंगे काम आधा-अधूरा होने से सड़कें जर्जर हैं.

**वार्ड 68**

- 12,193 कुल मतदाता
- 6322 पुरुष मतदाता
- 5871 महिला मतदाता
- 13 मतदान केंद्र
- 2,023 पिछले चुनाव में निर्वतमान पार्षद को मिले मत
- 1,762 विरोधी को मिले मत



वार्ड की नमामि गंगे की वजह से हो जर्जर हो चुकी सड़कों पर चलना और जलजमाव झेलना नियति बन गयी है.
**-बबलू पासवान**



सड़कों को दुरुस्त कराना चाहिए. सफाई पर और ध्यान देना चाहिए. लाइटिंग की व्यवस्था हो.
**-जितेंद्र पासवान**



वार्ड 68 में एक खेत में जमा पानी.



सार्थक पहल से बुनियादी समस्याओं का समाधान हो पायेगा. नाला निर्माण करा कर वार्ड को जलजमाव से मुक्ति दिलानी चाहिए.
**-वैद्यनाथ सिंह**



वार्ड में पानी समस्या को दूर करना चाहिए. जलजमाव से लोगों को राहत मिले. योजना का लाभ सभी तक पहुंचना चाहिए.
**-शिव शंकर प्रसाद**

### ये समस्याएं

- नाला निर्माण नहीं होने से जलजमाव
- नाला निर्माण की योजना स्वीकृत के बाद भी निर्माण नहीं
- उच्चशक्ति बोरिंग के चालू होने का इंतजार
- नमामि गंगे की वजह से सड़कों की स्थिति जर्जर

### ये काम हुए

- नखास पिंड, शनिचरा के सार्वजनिक कुओं का जीर्णोद्धार
- चैनपुरा धवलपुरा में सामुदायिक भवन निर्माण
- बाहरी धवलपुरा में शौचालय बना
- 31 सबमर्सिबल

## सिटी बाइट्स

### पटना जंक्शन पर यूटीएस मोबाइल एप हेल्प बूथ खुला



**पटना.** पटना जंक्शन के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर यूटीएस मोबाइल एप सहायता बूथ यात्रियों को जानकारी देने के लिए खुला है. मोबाइल एप के सहारे यात्री अनारक्षित टिकट कटा सकते हैं. टिकट कटाने के तरीके के बारे में रेलकर्मी जानकारी देंगे. बूथ पर बैठे कर्मचारी मोहम्मद हसन ने बताया कि स्मार्ट या एंड्रॉयड मोबाइल के प्ले स्टोर में जाकर इंस्टॉल कर सकते हैं.

### सफाईकर्मियों को एक माह का अग्रिम वेतन भुगतान हो

**पटना.** नगर निगम में कार्यरत सफाईकर्मियों को एक माह का वेतन अग्रिम भुगतान करने की नगर आयुक्त से मांग की गयी है. पटना नगर निगम चतुर्थवर्गीय कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष डॉ संजय बाल्मीकि, प्रधान महासचिव नंदकिशोर दास ने नगर आयुक्त को पत्र लिखकर मांग की है कि दुर्गापूजा पर सफाई मजदूरों, दैनिक कर्मचारियों व चतुर्थ श्रेणी कर्मियों को सितंबर के वेतन के अतिरिक्त एक माह के वेतन का अग्रिम भुगतान किया जाये. .

### सरकार छात्रों की परेशानी जल्द दूर करे : भाजपा

**पटना.** भाजपा युवा मोर्चा कार्यालय में स्टूडेंट्स क्रेडिट कार्ड योजना को लेकर छात्र मिलने आये. युवाओं से मिलते हुए भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री व सीनेट सदस्य पटना विवि विक्की राय ने कहा कि स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत चार लाख के लोन के बदले छात्रों से 10 लाख वसूले जा रहे हैं. इस योजना से युवा लाभान्वित नहीं हैं, बल्कि पीड़ित हैं. सरकार जल्द-से-जल्द छात्रों की परेशानी को दूर करे, नहीं तो युवा मोर्चा सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करेगा.

### मोदी को धमकी देने वाले को पकड़ने के लिए टीम रवाना

**पटना.** पूर्व डिप्टी सीएम व सांसद सुशील कुमार मोदी को जान से मारने की धमकी देने वाले को गिरफ्तार करने के लिए पटना पुलिस की टीम बंगाल के वर्धमान के लिए रवाना हो गयी है. सूत्रों के अनुसार, पत्र में जो मोबाइल नंबर 7501620019 लिखा है, वह सिम सोम के नाम से है. उसके पिता का नाम हारू मंडल है. उसका पता पश्चिमी पारा, रायान, वर्धमान है..

### ट्रैफिक पुलिस ने 149 लोगों से 1.45 लाख जुर्माना वसूला

**पटना.** नगर निकाय चुनाव व पर्व-त्यौहारों को लेकर ट्रैफिक पुलिस ने सड़कों पर वाहनों की जांच शुरू की है. खास बात यह है कि रेस ड्राइविंग करने वालों के लाइसेंस भी जब्त किये जा रहे हैं और जुर्माना भी वसूला जा रहा है. बुधवार को शहर में 149 वाहनों से 1.45 लाख रुपये जुर्माना वसूल किया गया. यह अभियान फिलहाल लगातार चलाया जायेगा.

## नगर निगम चुनाव. बुधवार को डिप्टी मेयर पद के लिए तीन ने किया नामांकन

# मेयर पद के लिए सात ने भरा पर्चा

संवाददाता, पटना

**पटना** नगर निगम के हो रहे चुनाव में मेयर पद के लिए सात उम्मीदवारों ने बुधवार को नामांकन पत्र दाखिल किये. इसके साथ ही मेयर पद के लिए अब तक नामांकन करने वालों की संख्या 10 हो गयी है. बुधवार को मेयर पद के लिए नामांकन करने वालों में पूर्व मेयर सीता साहू भी हैं. उन्होंने दो सेट में नामांकन किया है. इसके अलावा चांदमारी रोड, कंकड़बाग की सोनी कुमारी, पुनाईचक की विनीता सिंह, लोहिया नगर कंकड़बाग की पुष्पलता सिन्हा, भागवत नगर की श्वेता झा, फ्रेजर रोड की सरिता नोपानी, उत्तरी नेहरू नगर की पुष्पा देवी ने भी नामांकन किया. इससे पूर्व मंगलवार को मेयर पद के लिए तीन उम्मीदवार अंजू सिंह, माला सिन्हा व वीणा कुमारी ने नामांकन किया था. वहीं, बुधवार को तीन उम्मीदवारों ने डिप्टी मेयर पद के लिए नामांकन किया. इनमें महेंद्रू की कुसुम देवी, अशोक नगर रोड नंब-2 की सीमा कुमारी, दलदली रोड बाकरगंज की रेखा कुमारी हैं. इस पद के लिए मंगलवार को एक नामांकन हुआ था.

### मेयर पद पर इन्होंने किया नामांकन



सीता साहू.



सोनी कुमारी.



विनीता सिंह.



पुष्पलता सिन्हा.



श्वेता झा.



सरिता नोपानी.

### दानापुर व खगौल नप में मुख्य पार्षद व उपमुख्य पार्षद के सभी उम्मीदवारों का नामांकन सही

**दानापुर.** नगर निकाय चुनाव को लेकर दूसरे दिन बुधवार को मुख्य पार्षद व उपमुख्य पार्षद पद के उम्मीदवारों के नामांकन पत्रों की जांच की गयी. निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीओ विक्रम विरकर ने बताया कि दानापुर नगर पर्षद क्षेत्र से मुख्य पार्षद के लिए 10 व उपमुख्य पार्षद के 11 प्रत्याशियों का नामांकन वैध पाया गया है, जबकि वार्ड 28 से ब्रजेश कुमार का नामांकन पत्र रद्द किया गया है. मैदान में 164 पार्षद प्रत्याशी हैं. पालीगंज के डीसीएलआर सह निर्वाची पदाधिकारी ललित भूषण रंजन ने बताया कि खगौल नगर पर्षद क्षेत्र के मुख्य पार्षद के लिए 13, उपमुख्य पार्षद के लिए 12 और वार्ड पार्षद के लिए 83 प्रत्याशियों का नामांकन पत्र सही पाया गया है. निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अरुणा कुमारी ने बताया कि बिहटा नगर पर्षद क्षेत्र से मुख्य पार्षद, उपमुख्य पार्षद व पार्षद पद के प्रत्याशियों का नामांकन पत्रों की जांच की गयी है. मुख्य पार्षद के एक प्रत्याशी का नामांकन पत्र रद्द किया गया है, जबकि वार्ड पार्षद के छह प्रत्याशियों का नामांकन पत्र रद्द कर दिया गया है. मुख्य पार्षद के 13, उपमुख्य पार्षद के 18 और पार्षदों के 165 प्रत्याशियों का नामांकन पत्र वैध पाया गया है.

**24 तक चलेगी नामांकन की प्रक्रिया :** 16 सितंबर से नामांकन की प्रक्रिया चल रही है, जो 24 सितंबर तक जारी रहेगी. इसके बाद 25 और 26 सितंबर को स्क्रूटनी होगी. अभ्यर्थिता वापसी की अंतिम तिथि 27 सितंबर से 29 सितंबर तक है. इसके बाद अंतिम रूप से अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन और प्रतीकों का आवंटन 30 सितंबर को होगा. यहां मतदान 20 अक्तूबर को होगा. वहीं मतगणना 22 अक्तूबर को होगी.

**वार्ड पार्षद पद के लिए 148 ने कराया नामांकन:** पटना नगर निगम के वार्ड पार्षद पद के लिए बुधवार को 148 उम्मीदवारों ने नामांकन करवाया है. इनमें 73 महिलाएं और 75 पुरुष उम्मीदवार हैं. इसके साथ ही अब तक इस पद के लिए 106 महिलाओं और 95 पुरुषों सहित कुल 201 उम्मीदवारों ने नामांकन करा लिया है. पटना नगर निगम के इन तीनों ही पदों के लिए कुल 218 उम्मीदवारों ने नामांकन करवा लिया है. पटना नगर निगम में दूसरे चरण में मतदान होना है.

# नामांकन जुलूस से शहर के कई इलाकों में लगा जाम



संवाददाता, पटना

**पटना** में बुधवार को नामांकन जुलूस को लेकर पूरे शहर में भीषण जाम लग गया. अलग-अलग इलाको से निकले जुलूस के कारण बेली रोड और गांधी मैदान की गाड़ियों की लंबी कतार लग गयी. दरअसल सुबह से ही नगर निकाय चुनाव को लेकर नामांकन कराने जा रहे प्रत्याशियों ने अपने समर्थकों के साथ पहले तो क्षेत्र भ्रमण किया. इसके बाद नामांकन कार्यालय जाने के लिए रवाना हो गये. दोपहर के 12 बजे उस वक्त जाम लग गया जब मेयर प्रत्याशी का नामांकन कराने के लिए हजारों की संख्या में समर्थक जुट गये. दर्जनों की संख्या में कार और सैकड़ों की संख्या में बाइक सवार नारेबाजी करते हुए नामांकन कराने जा रहे थे. इस वजह से कंकड़बाग, मीठापुर, जक्कनपुर, गर्दनीबाग, बेली रोड, बोरिंग रोड, गांधी मैदान, अशोक राजपथ, फ्रेजर रोड, डाकबंगला चौराहा और स्टेशन रोड समेत विभिन्न इलाकों में भीषण जाम लग गया. जुलूस के कारण बढ़ते जाम की समस्या को देख भारी संख्या में पुलिस फोर्स और ट्रैफिक पुलिस को तैनात किया गया था.

**स्कूली बच्चों को हुई ज्यादा परेशानी** : नामांकन जुलूस को लेकर सबसे ज्यादा स्कूली बच्चों को परेशानी हुई. अनिसाबाद की बबली देवी अपने बच्चे को लेकर गांधी मैदान स्थित एक स्कूल से लौट रही थी. स्कूटी सवार बच्चे की मां ने बताया कि दो घंटे से जाम में फंसी हूं. हालत खराब है. छात्र अभी व अदिति दोनों की तेज धूप से तबीयत खराब होने लगी. जाम की वजह से महिला ने थोड़ी देर के लिए स्कूटी साइड कर आराम की. उन्होंने बताया कि जहां आधे घंटे में अनिसाबाद पहुंचती थी, उन्हें गांधी मैदान में ही दो घंटे लग गया.



फोटो : जयप्रकाश वर्मा

### कभी भी गिर सकती है दरकी हुई दीवार

**पटना.** बांकीपुर बस स्टैंड की यह दरकी हुई दीवार कभी भी गिर सकती है. इसकी बगल वाले फुटपाथ से हर दिन बड़ी संख्या में लोग पुराने कलेक्टेरिएट परिसर में एफीडेविट कराने आते जाते हैं. कई पुटपाथी दुकानदार यही फॉर्म बेचते भी हैं. ऐसे में यह दीवार कभी भी खतरनाक रूप ले सकती है. जल्द ही बांकीपुर डिपो के फुलवारी जेल के पास नये परिवहन परिसर में शिफ्ट होने की योजना के कारण इसे दुरुस्त करने पर ध्यान नहीं है.

### पटना से दिल्ली जा रही फ्लाइट की अमृतसर में हुई इमरजेंसी लैंडिंग

**पटना.** पटना से बुधवार को दिल्ली जा रही इंडिगो की फ्लाइट 6E-5359 की अमृतसर में इमरजेंसी लैंडिंग हुई. फ्लाइट ने पटना से 11:45 बजे टेकऑफ किया था. दिल्ली पहुंचने के पहले विमान में तकनीकी खराबी आ गयी. यात्रियों की मानें, तो विमान ऊपर-नीचे होने लगा था. पायलट ने दिल्ली एटीसी से बात की, जिसने अमृतसर में लैंड करने को कहा. उसके बाद पायलट ने अमृतसर में विमान की इमरजेंसी लैंडिंग करा दी. इसमें क्रू मेंबर व 146 यात्री थे .

# मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर होगी आरोपित एमबीबीएस छात्रों के खिलाफ कार्रवाई

संवाददता, पटना

**आइजीआइएमएस रैगिंग**

आइजीआइएमएस में एक मेडिकल की छात्रा से रैगिंग के मामले में गठित जांच टीम लगातार जांच कर रही है. एक घायल छात्र जवाब व मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर जांच टीम बुधवार को रेडियोलॉजी व हड्डी रोग विभाग पहुंची. टीम ने दोनों विभाग के विभागाध्यक्षों को कागजात दिखाये व पूछताछ की. आइजीआइएमएस के प्रिंसिपल डॉ रंजीत गुहा ने बताया कि जिस छात्र ने खुद को बेगुनाह बताया है, उस मामले की छानबीन की जा रही है. अगर मेडिकल रिपोर्ट में कुछ भी गलत पाया गया, तो कानूनी कार्रवाई की जायेगी. प्रिंसिपल ने बताया कि शुक्रवार तक पूरी जांच कर कॉलेज प्रशासन अपनी रिपोर्ट को एंटी रैगिंग, स्वास्थ्य विभाग और नेशनल मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया की टीम को भेज देगी. इसके बाद नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी. इधर बुधवार को भी आरोप लगाने वाली 2021 बैच की छात्रा की पहचान नहीं हो पायी है. कॉलेज प्रशासन ने एक-एक कर सभी छात्राओं से इसके बारे में पूछताछ की, बावजूद किसी भी छात्रा ने कुछ भी कहने से मना कर दिया. यहां बता दें कि आइजीआइएमएस में 2020 बैच के आठ आरोपित एमबीबीएस छात्रों पर 2021 बैच की एक छात्रा ने नेशनल मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया व एंटी रैगिंग कमेटी की केंद्रीय टीम को शिकायत किया था.

## 21 से 27 सितंबर तक मनाया जाता है विश्व डिमेंशिया-अल्जाइमर जागरूकता सप्ताह

# 65 साल में होने वाला अल्जाइमर अब 45 में हो रहा

आनंद तिवारी, पटना

नाम, चेहरे, घटनाएं, रिश्ते और अंतत अपनी पहचान तक भूल जाना. यह बीमारी मानवता की शुरुआत से अस्तित्व में है, लेकिन सदियों तक इसे उम्र का प्रभाव माना गया. भूलने या बात को ठीक से न समझने को सठियाना (साठ साल से ज्यादा उम्र होने के बाद का बदलाव) कहा गया. यह डिमेंशिया या अल्जाइमर है, जो अब साठ से काफी पहले 45 की उम्र के आस-पास भी दस्तक देने लगी है. शहर के आइजीआइएमएस, पीएमसीएच व पटना एम्स आदि अस्पतालों में इस तरह के रोगी रोजाना आ रहे हैं. विशेषज्ञों का कहना है कि कोरोना के बाद डिमेंशिया के मरीजों की संख्या लगभग दूनी हो गयी. बीमारी से बचाव व जागरूकता के लिए हर साल 21 सितंबर से 27 सितंबर तक विश्व डिमेंशिया जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जाता है.



**उल्टी गिनती से होता है इलाज :** वैसे तो उल्टी गिनती का मुहावरा खराब अर्थ में इस्तेमाल होता है, लेकिन अल्जाइमर और डिमेंशिया मरीजों की याददाश्त को दुरुस्त करने में यह उल्टी गिनतियां सटीक इलाज का काम करती हैं.

**प्रोटीन का खेल डिमेंशिया :** डिमेंशिया में दिमाग के अंदर प्रोटीन बनने लगते हैं, जो मस्तिष्क के टिश्यू को नुकसान पहुंचाते हैं. याददाश्त, सोचने-समझने, देखने, बोलने और निर्णय लेने की क्षमता में गिरावट आती है.

**ब्रेन में न्यूरोन डैमेज होने से होती है अल्जाइमर** : मनोचिकित्सक डॉ विवेक विशाल ने बताया कि ब्रेन में न्यूरोन होते हैं. 65 की उम्र में वे डैमेज होने लगते हैं. यही कारण है कि न्यूरोन का एक दूसरे से कॉन्टेक्ट खत्म होने से लोग अल्जाइमर का शिकार होने लगते हैं. उन्होंने बताया कि डिमेंशिया का ही एक कारण अल्जाइमर है. ब्रेन में एब्नॉर्मल प्रोटीन जमने लगता है जो कि नर्व सेल को डैमेज करने लगता है. यह बीमारी इतनी धीरे से बढ़ती है कि इसके लक्षण लोगों के समझ में आते आते दो से तीन साल लग जाते हैं.

### पटना में हर हफ्ते 30 मरीज पहुंच रहे अस्पताल

अल्जाइमर और डिमेंशिया मरीजों की संख्या बीते तीन सालों में तेजी से बढ़ी है. खासकर कोरोना के बाद संख्या में इजाफा अधिक देखने को मिल रहा है. पटना के पीएमसीएच, आइजीआइएमएस, एम्स व एनएमसीएच में हर हफ्ते 25 से 30 मरीज आ रहे हैं. कोरोना काल से पहले तक यह संख्या करीब 15 तक होती थी. संबंधित अस्पतालों में इन मरीजों की काउंसिलिंग के साथ दवाएं चल रही हैं. बिहार साइकियाट्रिक सोसायटी के अनुसार कोरोना के बाद डिमेंशिया/अल्मजाइमर के रोगी पूरी दुनिया में बढ़े हैं.

**बीमारी के एक नहीं, कई हैं कारण** : पीएमसीएच के मनोचिकित्सक डॉ सौरभ कुमार ने बताया कि अल्जाइमर के कई कारण होते हैं. इसमें सबसे बड़ा रिस्क ऐसे लोगों को होता है जिन्हें पहले से ही डायबिटीज, हाइपरटेंशन, थायराइड और किसी भी तरह की क्रॉनिक डिजीज हो. शराब, सिगरेट, समय से खाना न खाना, स्ट्रेस, परिवार में किसी की अल्जाइमर होने की हिस्ट्री भी इस बीमारी के होने के कारण हैं. विटामिन बी की कमी, अकेलापन, मानसिक रोग से ग्रस्त व्यक्ति को भी यह बीमारी हो सकती है.

### इस तरह से तेजी से बढ़ता गया डिमेंशिया

- 5.70 करोड़ मरीज पूरी दुनिया में
- 50 लाख भारत में हैं मरीज
- 10 लाख मरीज बिहार में
- 1.25 करोड़ मरीज भारत में हो सकते हैं 2050 तक
- 7 वां प्रमुख कारण का है मृत्यु का
- 60 फीसदी मरीज दुनिया के गरीब देशों में

नोट : आंकड़ों में आंशिक अंतर हो सकता है

### यह होती है एक्सरसाइज

उल्टे क्रम में 100-97-94-91 गिनवाते हैं. सीधे क्रम में 1-3-6-9 गिनवाते हैं. 2, 4, 6, 8, 10 के पहाड़े पढ़वाते हैं. सुडोकू भी हल कराते हैं. अनुलोम-विलोम व अन्य प्राणायाम कराते हैं. परिजनों के मोबाइल नंबर याद कराते हैं

USHA MARTIN UNIVERSITY
Approved by: UGC | AIU | BCI | PCI | AICTE | JNRC
ADMISSION OPEN 2022-23
Para-medical
Bachelor of Physiotherapy (BPT) | B.Sc (MLT)
B.Sc (Forensic Science) | Auxiliary Nursing and Midwifery (ANM) | General Nursing and Midwifery (GNM)
Agriculture
B.Sc Agriculture (Hons.)
Ranchi : +91 8055 200 400 | Patna : +91 9952 923 636

INDIRA GANDHI INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES
(A Super Speciality, Autonomous Institute Of Govt. Of Bihar)
IGIMS Medical College, IGIMS Nursing College
Sheikhpura, Patna-14. EPBX:0612-2297099/2297631, Website: www.igims.org

Auction Notice No.: Engg/01/CW/Auction-2022-23
AUCTION/SALE NOTICE FOR UNSERVICEABLE SCRAP MATERILAS

Notice is hereby given to the public in general that the unserviceable scrap materials lying at Engineering Store Building (Civil) near STP in IGIMS Campus, Sheikhpura, Patna 800014 under physical possession of the Director, IGIMS, Patna will be auctioned / sold in ONE LOT on "As is Where is Basis" and "Whatever there is Basis".

| Sl.No. | Description | Date & Time |
|---|---|---|
| 1. | Commencement of submission of Tender/Bid | 20.09.2022, 10 AM |
| 2. | Last date & time for submission of Tender/Bid | 01.10.2022, Till 1:00PM |
| 3. | Opening of bids | 03.10.2022, 11AM |

Any change (i.e. in the date, timing, any required information or bid document etc.) for the auction/sale of unserviceable scrap materials will be updated/uploaded in the official website at www.igims.org only.

Director, I.G.I.M.S. - Patna

between a bus and an auto-rickshaw on the Bundelkhand Expressway on Wednesday, police said. PTI

को www.tenderwizard.com/UPSIDA ... जागरण, अमर उजाला, टाईम्स आफ इण्डिया + इकनामिक टाईम्स में ई आक्शन के सम्बन्ध में प्रकाशित औद्योगिक भूखण्डों के विपणन सम्बन्धी विज्ञापन सं. **UPSIDA/2022/09/001** के सापेक्ष दिनांक 22.09.2022 को सम्पन्न होने वाले ई आक्शन को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है। आगामी ई आक्शन की सूचना पृथक से प्रकाशित की जायेगी।

मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यूपीसीडा, कानपुर

## Advertisement No: 108/2022

Government of India
Public Enterprises Selection Board
invites applications for the post of

**Director (Personnel)**

in

**Electronics Corporation of India Ltd. (ECIL)**

Last date of receipt of applications in PESB is
**by 15:00 hours on 22nd November, 2022**

For details login to website: **http://www.pesb.gov.in**

## INDIRA GANDHI INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES

(A Super Speciality, Autonomous Institute Of Govt. Of Bihar)
IGIMS Medical College, IGIMS Nursing College
Sheikhpura, Patna-14. EPBX:0612-2297099/2297631, Website: www.igims.org

**Auction Notice No.: Engg/01/CW/Auction-2022-23**

**AUCTION/SALE NOTICE FOR UNSERVICEABLE SCRAP MATERILAS**

Notice is hereby given to the public in general that the unserviceable scrap materials lying at Engineering Store Building (Civil) near STP in IGIMS Campus, Sheikhpura, Patna 800014 under physical possession of the Director, IGIMS, Patna will be auctioned / sold in ONE LOT on "As is Where is Basis" and "Whatever there is Basis".

| Sl.No. | Description | Date & Time |
|---|---|---|
| 1. | Commencement of submission of Tender/Bid | 20.09.2022, 10 AM |
| 2. | Last date & time for submission of Tender/Bid | 01.10.2022, Till 1:00PM |
| 3. | Opening of bids | 03.10.2022, 11AM |

Any change (i.e. in the date, timing, any required information or bid document etc.) for the auction/sale of unserviceable scrap materials will be updated/uploaded in the official website at www.igims.org only.

**Director, I.G.I.M.S. - Patna**

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, पाकुड़

*email :- eercdpakur-jhr@nic.in, Phone & Fax No. 06435-220592*

**ई0–प्रोक्यूरमेन्ट सूचना**

निविदा सूचना सं0– **RCD /PAKUR/650/2022-23**

दिनांक : **20.09.2022**

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | पथ प्रमंडल, पाकुड़ अन्तर्गत |

CamScanner